तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 1 मई 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



14 कलेक्टर ने सेमलनार में आयोजित जन चौपाल ...





14 लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार




## मारपीट: कंपनी के कर्मचारियों के कारण क्षेत्र का माहौल बना हुआ है खराब, ग्रामीणों में दहशत

# भारतमाला परियोजना कंपनी के ठेकेदार और हाईवा चालकों के मध्य हुई मारपीट, वीडियो हुआ वायरल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बासनवाही

कांकेर जिले के बासनवाही ईलाके में भारतमाला परियोजना के

■ क्षेत्र के लगभग 76 किसानों की जमीन हुई प्रभावित, नहीं मिला मुआवजा

तहत सड़क का निर्माण करने वाली कंपनी के बैस कैंप में साइड इंचार्ज और हाईवा चालकों के मध्य जमकर मारपीट हुई। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद मारपीट का खुलासा हुआ, परंतु एक भी पक्ष पुलिस के पास शिकायत करने नहीं पहुँचा। जानकारी के अनुसार 2 दिन पहले 28 अप्रैल सोमवार को कंस्ट्रक्शन कंपनी के दो कर्मचारी साइड इंचार्ज ने एक हाइवा ड्राइवर को हात्मा विश्रामपुरी केम्प में डीजल चोरी के इल्जाम में आफिस कमरे में बंद करके बेल्ट से पीटते हुए वीडियो वायरल हुआ था, ड्राइवर को क्रूरतापूर्वक मारा जा रहा था। पीड़ति ड्राइवर ने हाथ जोड़कर मिन्नते मांग रहा था, लेकिन उनके ऊपर ऐसा भूत सवार था कि बेल्ट से मारते रहे। वायरल वीडियो को देखकर सभी हाइवा के ड्राइवरों एवं मजदूरों ने एकजुट होकर 29 अप्रैल मंगलवार को बासनवाही कैम्प में साइड इंचार्ज पिंटू जेना और अमित मिश्रा की लात घूसों से दौड़ा दौड़ा कर पिटाई किए। मामला इतनी गम्भीर होने के बाद भी कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार ने दोनो पक्षों को आपसी समझौता करवा दिया। ठेकेदार ने मारपीट की इतनी बड़ी घटना को पुलिस के सामने बताने के बजाय समझौता कर लीपापोती करने का प्रयास ▸▸| शेष पेज 12 पर







### 76 किसानों के खेत में फैला था डस्ट

गत वर्ष खरीफ फसल लगे खेत में सड़क का डस्ट चूरा बरसात में पूरा पट गया था, जिसमें बासनवाही, छापरपारा, मावलीपारा के कुल 76 किसान प्रभावित हुए थे। डस्ट चूरा को निकलवाने किसानों द्वारा ठेकेदार को बार बार निवेदन किए। लेकिन किसानों के निवेदन को दरकिनार कर दिया। किसानों ने एसडीएम से लेकर जिले के बड़े अधिकारियों का दरवाजा खटखटाया लेकिन किसानों की कही सुनवाई नहीं हुई, आखिरकार खेत बंजर में तब्दील हो गए। किसानों ने कहा कि ठेकेदार के गुर्गों का चरित्र उजागर हो गया कि कितने गुंडे है। क्षेत्र के भोले भाले किसान अपने साथ हुई क्षति पूर्ति के लिए कहे तो कैसे कहे और किससे कहें।

### दोनों पक्ष नहीं पहुँचे थाने

मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों का यह विश्वास था कि मामला थाना पहुँचेगा। परंतु ठेकेदार ने दोनो पक्षों को समझाइश देकर मामले में सुलहनामा करवा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि मारपीट के वीडियो को स्वसंज्ञान में लेकर पुलिस को हस्तक्षेप करने की जरूरत है। पुलिस ने हस्तक्षेप नहीं किया तो यह चिंगारी कभी भी बड़ी आग में तब्दील हो सकती है।

### नहीं हो पाया संपर्क

मारपीट मामले का वीडियो वायरल होने के उपरांत कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार से हरिभूमि ने संपर्क करने का प्रयास किया गया। परंतु संपर्क नहीं हो पाया। मारपीट के शिकार हुए इंचार्ज के मोबाइल नंबर पर काल किया गया, परंतु काल रिसीव नहीं हुआ, जिससे कंपनी के किसी भी स्टाफ का अधिकृत बयान नहीं मिल पाया।

### ठेकेदार को बुलाया गयाः थाना प्रभारी

दुधावा चौकी थाना प्रभारी योगेद्र वर्मा ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि वीडियो वायरल हुआ है, परंतु किसी पक्ष के द्वारा रिपोर्ट दर्ज नहीं कराया गया है। एक घटना कोंडागांव जिले के विश्रामपुरी इलाके की है। कंपनी के ठेकेदार को बुलाया गया है, उसके आने के बाद ही सही स्थिति का पता चल सकेगा।

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक शाला परवी में परीक्षा परिणाम घोषित

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला परवी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें शाला प्रबंधन समिति के समस्त सदस्य एवं ग्राम पंचायत परवी के नव निर्वाचित सरपंच के साथ समस्त पंचायत प्रतिनिधि मंडल सम्मिलत हुए। शाला परिवार में कक्षा अनुसार प्रथम, द्वितिय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सरपंच राजेन्द्र ध्रुव के द्वारा मार्कशीट वितरण किया गया साथ ही साथ प्रविन्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भारती नेताम, समस्त जनप्रतिनिधि एवं विद्यालय स्टाप उपस्थित रहा।

### आंगनबाड़ी तथा स्कूल भवन का जीर्णोद्धार



**दुर्गूकोंदल।** मिवान स्टील्स लिमिटेड द्वारा ग्राम दोड़दे में दो आंगनबाड़ी भवन तथा ग्राम भुरकागुदुम में एक प्राथमिक पाठशाला का जीर्णोद्धार सीएसआर मद के तहत कराया गया। भवनों की मरम्मत, नए दरवाजे, खिडकियां, नई टाइल्स लगाए गए। सभी भवनों में अंदर एंव बाहर पेंट भी करवाया गया है। इसके अलावा कंपनी के द्वारा स्कूल तथा आंगनबाड़ी में बिजली के नए तार एवं नए पंखे भी लगाए गए हैं। कंपनी ने इस कार्य के लिए लगभग 15 लाख रुपए खर्च किए हैं।

### सेवानिवृत होने पर मथुरा को दी ससम्मान विदाई



**कांकेर।** शहीद राम कुमार यादव शाउमा विद्यालय में पूर्व माध्यमिक शाला विभाग लट्टीपारा में 44 वर्षों से पदस्थ रही मथुरा मेश्राम प्रधान अध्यापक को सेवा के पश्चात सेवानिवृत होने पर विद्यालय परिवार के द्वारा विदाई दी गई। प्राचार्य अंजना श्रीवास्तव ने उनके उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की। अंत में समस्त शिक्षकों ने सेवानिवृत प्रधानअध्यापक के विद्यालय के प्रति लगाव एवं बच्चों के प्रति अपार स्नेह को सभी लोगों ने याद किया। कार्यक्रम का संचालन करुणा वैध के द्वारा किया एवं इस विदाई समारोह में पूर्व माध्यमिक शाला एवं सेकेंडरी के समस्त स्टाफ एवं समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

## इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो व कमेंट करने वाला गिरफ्तार



### आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

अज्ञात व्यक्ति द्वारा इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो अपलोड व कमेंट करने की शिकायत पुलिस को मिली था। पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देश में सायबर सेल की मदद से आरोपी को ढूंढ निकाला और जेल की सलाखों में भेजा। पीड़िता ने भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत दर्ज कराया था कि अज्ञात इंस्टाग्राम धारा के द्वारा फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो वीडियो अपलोड करने रिपोर्ट करने पर थाना भानुप्रताप पुर मे अपराध क्रमांक-66/2025 धारा 67 आईटी एक्ट कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। मामले की गंभीरता देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलिसेला के निर्देशन में, एएसपी भानुप्रतापपुर आईपीएस संदीप पटेल, एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख द्वारा टीम गठित कर साइईबर सेल शाखा से आरोपी का मोबाइल नंबर का लोकेशन, कॉल डिटेल एवं इंस्टाग्राम धारक की जानकारी प्राप्त होने के बाद मध्यप्रदेश के जिला राजगढ़ थाना तले अंतर्गत ग्राम बमोरी निवासी 35 वर्षीय ▸▸| शेष पेज 12 पर

# आईपीएल की तर्ज पर भानुप्रतापपुर प्रीमियर लीग का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर





इंडियन प्रीमियर लीग के तर्ज पर भानुप्रतापपुर में क्रिकेट प्रेमियों के लिए मारुति क्रिकेट क्लब भानुप्रतापपुर की ओर से रोमांचक सीजन लेकर आ रहा है। इस प्रतिष्ठित टी 20 लीग का यह दूसरा संस्करण होगा, जिसमें भानुप्रतापपुर क्षेत्रभर के दिग्गज खिलाड़ी अलग-अलग फ्रेंचाइजियों के लिए खेलते नजर आएंगे। श्री मारुति क्रिकेट क्लब भानुप्रतापपुर द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट का शुभारंभ 30 अप्रैल को शाम 7 बजे हाई स्कूल ग्राउंड में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग, अध्यक्षता विधायक विक्रम देव उसेंडी ने किया और विशिष्ट अतिथि विधायक आशाराम नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, अध्यक्ष मत्स्य कल्याण बोर्ड छग भारत मटियारा, भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन, सदस्य जिला पंचायत देवेंद्र टेकाम की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। भानुप्रतापपुर प्रीमियर लीग में कुल 8 फ्रेंचायजी टीमों ने भाग लिया, जो लीग स्टेज में एक-दूसरे से भिड़ेंगी। टीम राठौर रॉयल जिसके मालिक निखिल सिँह राठौर, पर्व सुपर किंग्स मालिक पर्व चोपड़ा, जय मारुति मालिक ऋषभ रिंकू गजेंद्र, भानुप्रतापपुर परिवहन संघ मालिक गुरुदीप सिँह ढिंदसा, रिया मोटरर्स मालिक जितेंद्र जायसवाल, चोपड़ा नाइट राइडर्स मालिक सम्यक चोपड़ा, पाढ़ी किंग्स मालिक सुनील बबला पाढ़ी। आईपीएल की भांति सभी टीम मालिकों द्वारा भानुप्रतापपुर क्षेत्र के दिग्गज खिलाड़ियों को आयोजक समिति द्वारा नीलामी प्रकिया में शामिल किया गया और बल्लेबाजों, गेंदबाजों, विकेटकीपर, ऑलराउंडर्स को अलग-अलग ग्रुप में रखा गया। सभी फ्रेंचाइजी ने अपनी टीम के लिए बारी-बारी से इन सब खिलाड़ियों पर बोली लगाया और अधिकतम बोली के माध्यम से खिलाड़ी को अपनी टीम में शामिल किया। भानुप्रतापपुर प्रीमियर लीग में सभी टीम सात-सात मैच लीग मैच खेलेंगी, उसके बाद चार मैच सेमीफइनल ▸▸| शेष पेज 12 पर

# दो बाइक में टक्कर होने से दो लोगों को आईं चोटें

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत सरंगपाल महानदी पुल के पास दो बाईक के बीच टक्कर में दो लोगों को चोटें आईं है। एक युवक की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे हायर सेंटर रिफर किया गया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे रामपुर निवासी 30 वर्षीय हरीश कुमार कोमरा पिता स्व. गिरधारी कोमरा ने पुलिस को बताया कि 28 फरवरी को अपने छोटा भाई 22 वर्षीय चेतन कोमरा के साथ अपने नीजी काम से रामपुर से मालगांव मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएन 0450 से जा रहे थे। मोटर सायकल वह चला रहा था। शाम करीबन साढ़े 6 बजें सरंगपाल महानदी पुल के पास पहुंचे थे। सामने से आ रही आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीपी 1183 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर हमारे मोटर सायकल



■ एक हायर सेंटर रिफर

क्रमांक सीजी 19 बीएन 0450 को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया,। जिससे हम दोनों मोटर सायकल समेत जमीन पर गिर गए। गिरने से मेरे सिर एवं कंधा एवं सिर में हल्की चोट आई। पीछे बैठे मेरा भाई चेतन कोमरा को बांए पैर एवं शरीर में अंदरूनी गंभीर चोट लगने से एम्बुलेंस 108 से ईलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए। चोट गंभीर होने के कारण उसे हायर सेंटर रिफर किया ▸▸| शेष पेज 12 पर



# पाऊरखेडा शाला में परीक्षा परिणाम तिहार का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गूकोंदल

■ शत प्रतिशत रहा परिणाम

प्राथमिक माध्यमिक शाला पाऊरखेड़ा में परीक्षा परिणाम तिहार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामजी राम पुडो ने बच्चों को, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की बात कही। संकुल समन्वयक द्वारा, आगामी वर्ष मे अच्छे नंबर से उत्तीर्ण होकर अपने, माता पिता की नाम रोशन करने की बात कही। प्राथमिक शाला प्रधान पाठिका एवं माशा द्वारा, कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को स्कूली बैग, टिफिन, कम्पास बाक्स देकर सम्मानित किया गया।

प्राथमिक शाला परीक्षा परिणाम सुलोचना सोम द्वारा घोषित किया गया, जिसमें कक्षा पहली प्रथम गुंजन, द्वितीय सिमरन, कक्षा दूसरी में प्रथम पूनम, द्वितीय शशील कुमार, कक्षा तीसरी में प्रथम गीत, द्वितीय रिया, कक्षा चौथी में प्रथम पूरब कुमार, द्वितीय श्वेता, कक्षा पांचवी में प्रथम वैभव कुमार, द्वितीय सुभम कुमार रहे। इसी प्रकार माशा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा छठवी में प्रथम हर्षिका, द्वितीय लोचिका, कक्षा सातवीं में प्रथम मोनिका, द्वितीय लंकेश, कक्षा आठवीं में प्रथम रविना पुडो, द्वितीय यामिनी बघेल रहे। कक्षा पहली से कक्षा आठवीं तक समस्त ▸▸| शेष पेज 12 पर

# ओलावृष्टि से धान के किसानों को हुआ नुकसान

**दुधावा।** जिले के ग्राम परसोदा व आस-पास के गांव में अंधड़ और ओलावृष्टि से ग्राम परसोदा के किसानों की फसलों को काफी नुकसान हुआ। किसान लेखराम सार्वा ने बताया कि धान की फसल लगभग पककर तैयार हो गया था। 10से 12 दिन में फसल कटाई हो जाता, लेकिन क्षेत्र में आए अधड़ और ओलावृष्टि से धान की दाने 90 प्रतिशत गिर कर खराब हो गया। इससे किसानों को आर्थिक क्षति हुई है। आस-पास के किसानों में निराशा देखी जा रही है। गांव के अन्य किसान अशोक डड़सेना, नीरज राय, जितेंद्र धुर्वा,पवन साहु, रमेश पद्माकर, ओकेस सिन्हा व अन्य किसान ने कहा कि सरकार से राहत की उम्मीद हैं।



# चिरायु योजना से दो बच्चों को मिला नया जीवन

**दुर्गूकोंदल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित चिरायु योजना बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है। विकासखंउ दुर्गूकोंदल के कई बच्चों को इस योजना से लाभान्वित हो चुके है। विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम एनहूर निवासी प्रवीण उम्र दो साल एवं ग्राम नेवारी निवासी लवण्या उम्र एक साल छह माह दोनों क्लब फुट बीमारी से पीड़ित थे। चिरायु टीम को जब बच्चों के बारे में जानकारी मिली, तो चिरायु मे पदस्थ डॉक्टर मुकेश साहू और उनकी टीम ने बच्चों के घर जाकर परीक्षण किया। दोनों बच्चे चलने फिरने मे असमर्थ थे। परिजनों को समझाकर इन बच्चों को चिरायु वाहन से जिला अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया गया। बच्चों का सफलतापूर्वक आपरेशन चिकित्सक डा. लोकेश देव और उनकी टीम ने किया । सफल आपरेशन के उपरांत बच्चों को चलने फिरने में जो दिक्कत होती थी, उससे निजात मिल गया। बच्चों की सुधरी हालत को देखकर बच्चों के परिजनों मे खुशी का माहौल देखने को मिला। बच्चों के परिजनों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश सांडिया, जिला चिरायु नोडल अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, जिला चिरायु सलाहकार डॉ. विनोद वैध और चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मुकेश साहू, डॉ. नंदिनी साहू, लीलाधर का आभार जताया।



## गांव के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई

# शहरी की अपेक्षा ग्रामीण अंचलों में अक्ती की ज्यादा रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

■ बच्चों ने भी अक्ती पर गुड्डे-गुड़ियों की शादी रचाई

अक्षय तृतीया पर्व को अंचल में अक्ति त्यौहार के नाम से जाना जाता है। ग्रामीण क्षेत्र के साथ साथ शहरी क्षेत्रों में भी अक्षय तृतीया यानी अक्ति पर्व धूमधाम से मनाया गया।

शहरी अंचलों की अपेक्षा ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक आस्था और उत्सवों का विशेष महत्व होता है। 30 अप्रैल बुधवार को क्षेत्र में अक्षय तृतीया पर्व जिसे स्थानीय भाषा में अक्ति कहा जाता है, बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गाँव के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई ।महिलाओं ने उपवास रखकर परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना किया। सुबह से ही गांव का वातावरण धार्मिक रंग में रंगा हुआ नजर आया। महिलाएं पारंपरिक परिधान पहनकर समूह में पूजा स्थल पर पहुंचीं और सामूहिक रूप से कथा-पूजन किया। कई स्थानों पर अक्ति पर्व के उपलक्ष्य में सामूहिक विवाह या बालकों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न हुआ, जो इस दिन को और भी विशेष बनाता है। बच्चों व युवाओं में भी पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। गांव के विभिन्न चौपालों और मंदिरों में भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दिया और पारंपरिक मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि अक्ति तृतीया का पर्व न केवल धार्मिक रूप से बल्कि सामाजिक रूप से भी विशेष महत्व रखता है। यह नई शुरुआत, शुभ कार्यों और रिश्तों की मजबूती का प्रतीक है। यही कारण है कि इस दिन को विवाह व अन्य मांगलिक कार्यों के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।



### दुर्गूकोंदल में भी मनाया गया अक्षय तृतीया पर्व

विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत स्कूलपारा हाटकोंदल में अक्ती तिहार धूमधाम से मनाया गया। इसके साथ ही परंपरा अनुसार बच्चों ने भी अक्ती पर गुड्डे-गुड़ियों की शादी रचाई। गुड्डे-गुड़ियों की शादी में बच्चों के साथ बड़ों ने भी हिस्सा लिया। विवाह की सारी रस्में अदा कराई। मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर दान-पुण्य भी किया। मंगलवार को सुबह से ही बच्चे अपने दोस्तों को गुड्डे-गुड़ियों की शादी में शामिल होने का न्यौता देते रहे। बच्चों ने बाजे-गाजे के साथ हल्दी, तेल की रस्म पूरा किया। बुधवार को बारात निकाली फिर शाम 7 बजे टिकावन हुआ। चुलमाटी, तेल, हल्दी, मायन हुआ। गुड्डा-गुड़िया को हल्दी लगाकर रस्म की शुरुआत की गई। दूसरे दिन 30 अप्रैल को दोपहर बाद बारात निकाली गई। बारात में बच्चों के साथ परिजन भी शामिल हुए। शाम को विधि-विधान से शादी की रस्म पूरी कर टिकावन रखा गया।

# बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा, इसे जड़ से खत्म करना बेहद जरूरी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

जिलावासियों से अक्षय तृतीया पर्व के अवसर पर सम्पन्न होने वाले बाल विवाह की रोकथाम करने की अपील कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने किया है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है, जिसे जड़ से खत्म करना बेहद जरूरी है व बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का निर्मम उल्लंघन है। बाल विवाह के कारण बच्चे के पूर्ण और परिपक्व व्यक्ति के रूप में विकसित होने के अधिकार, इच्छा स्वास्थ्य, पोषण व शिक्षा पाने और हिंसा, उत्पीड़न व शोषण से बचाव के मूलभूत अधिकारों का हनन होता है। कम उम्र में विवाह से बालिका का शारीरिक विकास रूक जाता है। वहीं गंभीर संक्रामक यौन बीमारियों की चपेट में आने का खतरा भी बढ़ जाता है और उनके स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ता है।



कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा की बाल विवाह के कारण कम उम्र की मां और उसके बच्चे दोनों की जान और सेहत खतरे में पड़ जाती है बाल विवाह के कारण जननांग पूर्ण विकसित नहीं होने से गर्भपात का खतरा भी बढ़ जाता है। कम उम्र की मां के नवजात शिशुओं का वजन कम रह जाता है, साथ ही उनके सामने कुपोषण व खून की कमी की भी ज्यादा आशंका बनी रहती है। बाल विवाह की वजह से बहुत सारे बच्चे अनपढ़ और अकुशल रह जाते हैं जिससे उनके सामने अच्छे रोजगार पाने और बड़े होने पर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने की ज्यादा संभावना नहीं बचती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधू के माता-पिता, सगे संबंधी पर कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने कहा कि उक्त अधिनियम 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की ▸▸| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### आवेदकों को तत्काल मिल रहा लर्निंग लाइसेंस

**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप कोण्डागांव जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत नागरिकों की समस्याओं और आवश्यकताओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। इस अभियान के तहत परिवहन विभाग ने लर्निंग लाइसेंस की प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाकर आम नागरिकों को बड़ी राहत दी है। परिवहन सुविधा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने वाले आवेदकों को उसी दिन तत्काल लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया जा रहा है। अब तक विभाग को कुल 460 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से लगभग 120 आवेदकों को लर्निंग लाइसेंस जारी किया जा चुका है। शेष आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन पूरा करने के पश्चात कार्यालय में उपस्थित होने के लिए पत्र भेजा जा रहा है, जिससे उन्हें भी समय पर लाइसेंस प्रदान किया जा सके।जिले में इस व्यवस्था को लेकर आमजन में उत्साह है और लोग शासन की इस तत्परता की सराहना कर रहे हैं। यह पहल शासन की जनसेवा और दक्ष प्रशासन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

### तेज अंधड़ के चलते एक व्यक्ति ने गंवाई जान

**नारायणपुर।** जिले में बीती रात में आई तेज़ ओलावृष्टि और तेज़ हवा के चलते ग्राम माहका में एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, ओलावृष्टि के दौरान पीड़ित के घर की छत पर लगी सीमेंट की शीट अचानक गिर गई, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। हादसा रात लगभग 10 बजे के आसपास हुआ। घायल अवस्था में परिजनों द्वारा रायसिंह बुई को तुरंत नजदीकी जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे देर रात मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक जांच के अनुसार, मृतक के सिर पर गहरी चोट थी जो सीमेंट शीट गिरने से लगी। साथ ही चिकित्सकों का कहना है कि युवक ने हादसे से पहले रात में अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन किया था, जिससे उसे श्वसन संबंधी दिक्कत हुई और यह भी उसकी मृत्यु का एक संभावित कारण बना। प्रशासन ने ओलावृष्टि से प्रभावित इलाकों में सतर्कता बरतने की अपील की है।

# जिला प्रशासन की त्वरित कार्रवाई, रोका गया बाल विवाह

## परिवर्तित नाम से विवाह कराने की हो रही थी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

जिला प्रशासन की त्वरित कार्रवाई और विभागों के समन्वय से कोण्डागांव जिले के ग्राम पंचायत चांदागांव में एक बाल विवाह को रोका गया। मिशन वात्सल्य के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और चाईल्ड लाइन की संयुक्त टीम ने कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर और अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली के मार्गदर्शन में यह कार्यवाही 29 अप्रैल को अंजाम दी।

प्राप्त गुप्त सूचना के अनुसार, 17 वर्षीय नाबालिग बालिका यशोदा परिवर्तित नाम का विवाह 20 वर्षीय योगेश परिवर्तित नाम से कराने की तैयारी की जा रही थी। सूचना मिलते ही संयुक्त दल ने मौके पर पहुंचकर दोनों की आयु से संबंधित दस्तावेजों की जांच की, जिसमें पाया गया कि विवाह प्रस्तावित आयु सीमा से कम उम्र में किया जा रहा था।

दल ने परिजनों और ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी दी, साथ ही बाल विवाह के दुष्परिणामों और दण्डात्मक प्रावधानों से अवगत कराया। समझाइश के पश्चात परिजनों ने बालिका की निर्धारित वैधानिक आयु पूर्ण होने के बाद ही विवाह करने का आश्वासन दिया। प्रशासन की उपस्थिति में पंचनामा तैयार कर समझौता किया गया।



**ये रहे उपस्थित**

इस कार्रवाई में जिला बाल संरक्षण अधिकारी नरेन्द्र सोनी, तहसीलदार फरसगांव जयप्रकाश नाग, परियोजना अधिकारी सुनीता शर्मा, एएसआई किशोर प्रजापति, संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र पटेल, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी सौरभ तिवारी, चाईल्ड लाइन प्रतिनिधि राकेश चक्रधारी, पर्यवेक्षक मबावि एवं ग्राम सरपंच सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन की इस तत्परता और सजगता से एक और बाल विवाह रोका गया, जो समाज में बाल संरक्षण की दिशा में एक प्रभावी कदम है।

## दस दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों को दिया गया प्रमाण पत्र

# हायर सेकेंडरी स्कूल अनंतपुर में वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनंतपुर में स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। वहीं कक्षा 9वीं व 11वीं में प्रथम एवम द्वितीय स्थान में आने वाले विद्यार्थियों को संस्था के प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया और साथ ही व्यावसायिक शिक्षा में अध्ययनरत कक्षा 11वीं व 12वीं ट्रेड ऑटोमोबाइल एवं रिटेल के छात्र– छात्राओं को संस्था के प्राचार्य दिलीप कुमार कोमरे एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक संतोष कुमार यादव एवं पीयूष कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में दस दिवसीय इंटर्नशिप पूर्ण किया गया।

10 दिवसीय इंटर्नशिप के दौरान छात्र – छात्राओं के द्वारा किए गए कार्योंर् को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया और प्रत्येक विद्यार्थियों के खाते में 1125 रूपये राशि का भुगतान भी किया गया। कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को चार वर्षों में स्वरोजगार स्थापित करने के लिए हुनरमंद बनाया जाता है। जिसमें प्रति वर्ष अतिथि व्याख्यान और औद्योगिक भ्रमण भी आयोजित किए जाते है, इस कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य दिलीप कुमार कोमरे,संस्था के सभी स्टाफ एसएमडीसी के अध्यक्ष पूरन मानिकपुरी ,ग्राम सरपंच विक्रम मंडावी एवम ग्राम अनंतपुर के गणमान्य नागरिक, पालकगण सभी उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य ने उन सभी संस्थाओं चंदन ऑटो गैरेज अनंतपुर, पॉल ऑटो सेंटर अनंतपुर, बिरसिंह किराना स्टोर ,अनंतपुर का आभार व्यक्त किया जिन्होंने इंटर्नशिप पूरी करने में पूरा सहयोग दिया। उन्होंने यह भी बताया कि आज के समय में व्यायसायिक शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। अन्य विषयो की पढ़ाई साथ –साथ विद्यार्थियों को अपने अंदर व्यायसायिक हुनर विकसित करना और स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना बहुत ही महत्वपूर्ण है।

## हाई स्कूल डोंगर में आ गए कक्षा 9वीं व 11वीं के परीक्षा परिणाम



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मयूर डोंगर में आज कक्षा 9वीं और 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 9वीं में प्रथम स्थान पर अनुपा नेताम 83.67, द्वितीय स्थान पर सुखलाल आंचला 77.50 व तृतीय स्थान पर यामिनी नेताम 76.50 प्रतिशत के साथ रहीं। कक्षा 11वीं (कला संकाय) के टॉपर्सः प्रथम स्थान अमित कर्षेध्सुपल 72ः, द्वितीय स्थान मनीषा बिसेनध्धानू 64.6ः, तृतीय स्थान डोलाबाई ठाकुर सुदर्शन 61.6ः। **कक्षा 11वीं (विज्ञान संकाय) के टॉपर्सः** प्रथम स्थान स्वाति मरकामध्टेमरूखा 71.4ः, द्वितीय स्थान हिमांशु श्रीवासध्पीपरछेड़ी 54ः, तृतीय स्थान आशीष बघेलध्सनतरा 53.4ः विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य मुकेश कुमार सैमसन, दुर्गा नाथ दीवान,वरिष्ठ व्याख्याता जमील, अहमद, यशवंत देवांगन, दिनेश गधर्व संजीव तालूकदार, हेमंत देहारी, जीवनधर नेताम, रीता प्रधान, दुलेश्वरी दर्रो, प्रेमानंद वैद्य, व समस्त स्कूली स्टॉफ छात्र–छात्रएं उपस्थित रहे।

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने व्यवहार न्यायालय नारायणपुर का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणपुर

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव 0किरण चतुर्वेदी ने व्यवहार न्यायालय नारायणपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यायालय के प्रशासनिक कार्यो लंबित मामलों की स्थिति, कार्यालय, रिकॉर्ड रूम, न्यायालय कक्षों कर्मचारियों की उपस्थिति की समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान, जिला न्यायाधीश ने न्यायालय परिसर की साफ-सफाई रिकॉर्ड रखरखाव, स्टाफ की उपस्थिति तथा आम जनता की शिकायतों पर विशेष ध्यान देने कहा गया तत्पश्चात नवीन न्यायालय भवन हेतु आंबटित भूमि के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी, नारायणपुर एवं पटवारी को 5 मई के पूर्व चौहद्दी सहित सीमांकन रिपोर्ट दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग नारायणपुर को बन रहे न्यायिक अधिकारी भवन का आधार, रोड से उपर निर्माण कराये जाने हेतु निर्देश दिया गया है।

उक्त निरीक्षण में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नारायणपुर हरेन्द्र सिंह नाग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर सुश्री प्रतिभा मरकाम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव सुश्री गायत्री साय, राम नारायण नाग प्रशासनिक अधिकारी, अभिषेक तिवारी वरिष्ठ निज सहायक एवं जिला प्रशासन से अपर कलेक्टर बिरेन्द्र बहादुर पंचभाई, एसडीएम गौतम चंद्र पाटिल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नारायणपुर सुशील कुमार नायक, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग नारायणपुर टी चैरसिया उपस्थित थे।

## यातायात नियमों के सख्त पालन के लिए कलेक्टर एवं एसपी ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में यातायात नियमों के कड़ाई से पालन कराने तथा सड़क दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए।

- जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम पर हुई विस्तृत चर्चा

कलेक्टर ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्यवाही करने तथा चालानी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख मार्गोंर् पर नए ब्लैक स्पॉट की पहचान कर सुधार करने, सड़क संकेतक बोर्ड लगाने एवं घायलों की त्वरित सहायता के लिए सड़क सुरक्षा मित्र नियुक्त करने के निर्देश भी दिए। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नियमित यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी को दिए गए। नगर क्षेत्र में अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण हटाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कार्रवाई करने कहा गया। एसपी वाय अक्षय कुमार ने नेशनल हाईवे अधिकारियों को चिन्हांकित दुर्घटनाजन्य क्षेत्रें में चेतावनी बोर्ड लगाने और आवश्यक सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े गांवों में ब्रेकर निर्माण और नशे में वाहन चलाने वालों पर जांच अभियान चलाने पर भी बल दिया गया। साथ ही मुख्य मार्गोंर् पर खड़े वाहनों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त, शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यातायात नियमों के पालन एवं हेलमेट उपयोग के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों का पालन नहीं करने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।



**ये रहे उपस्थित**

बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव, जिला परिवहन अधिकारी अतुल असैया सहित पुलिस, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं नगर पालिका के अधिकारी उपस्थित रहे।

परीक्षा की सभी तैयारियां कर ली गई हैं पूर्णः डिप्टी कलेक्टर

## प्री-पॉलिटेक्निक परीक्षा आज जिले से 150 परीक्षार्थी लेंगे भाग



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्री–पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा 1 मई 2025 को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा एक पाली में सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगी। जिले में परीक्षा के लिए एकमात्र परीक्षा केंद्र शासकीय गुंडाधुर महाविद्यालय कोण्डागांव में बनाया गया है, जहाँ कुल 150 परीक्षार्थी शामिल होंगे। डिप्टी कलेक्टर सुश्री निकिता मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं एवं नियुक्त वीक्षकों को आवश्यक दिशा–निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र में सुबह 9 बजे के बाद प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन, डिजिटल गैजेट, स्मार्ट वॉच आदि का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षार्थियों को अनुशासन का पालन करना अनिवार्य होगा। प्रश्नपत्र प्राप्त होने पर परीक्षार्थियों को उसकी जांच करनी होगी और किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर तत्काल वीक्षक को सूचित करना होगा। परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश पत्र के साथ एक फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। उत्तर पत्रक में केवल काला या नीला डॉट पेन से ही उत्तर अंकित किए जा सकेंगे। जिला प्रशासन ने परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए गए हैं।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**कोण्डागांव।** कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कोण्डागांव द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। सेक्टर एवं ग्राम पंचायत बनियागांव के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र बनियागांव सरगीपारा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा बड़ेभिरावण्ड सेक्टर के ग्राम पंचायत भगदेवा के आंगनबाड़ी केन्द्र भगदेवा स्कूलपारा–02 में आंगनबाड़ी सहायिका के पद हेतु आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र समस्त आवश्यक प्रमाण पत्रें के साथ 01 मई से 15 मई 2025 तक कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कोण्डागांव में कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं।

## बस्तर के सुखद भविष्य के लिए समन्वय के साथ किया जाएगा उद्योगों का विकास



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने कहा कि राज्य शासन की मंशानुरूप बस्तर संभाग में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एनएमडीसी स्टील प्लांट नगरनार तथा स्थानीय उद्यमियों के मध्य बेहतर समन्वय जरूरी है। जिससे स्थानीय स्तर पर सहायक उद्योगों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग स्थापना सहित सेवा उद्योग-व्यवसाय को प्रोत्साहन मिल सके।

इन सभी समन्वित प्रयासों से उद्योगों के विकास के साथ ही रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी को बल मिलेगा और बस्तर एक सुखद भविष्य की ओर अग्रसर होगा। कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह बुधवार को कमिश्नर कार्यालय के सभागार में एनएमडीसी स्टील प्लांट के अधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों तथा बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों एवं की समन्वय बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। ज्ञात हो कि राज्य शासन द्वारा बस्तर में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में विशेष प्रावधान किए गए हैं। इस दिशा में अभी हाल ही में जगदलपुर में आयोजित विकसित बस्तर की ओर परिचर्चा में बस्तर संभाग के विकास में उद्योगों की अहम भूमिका को लेकर व्यापक विचार-विमर्श हुई है। जिसे मूर्त रूप देने के लिए बस्तर संभाग में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ खनिज आधारित, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण और पर्यटन उद्योगों की असीमित संभावनाओं को साकार करने का रोडमैप तैयार किया गया है। बुधवार को आयोजित बैठक में बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्याम सोमानी ने नगरनार स्टील प्लांट के रिकार्ड उत्पादन के लिए एनएमडीसी स्टील प्लांट के अधिकारियों को बधाई देते हुए स्थानीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों और नगरनार स्टील प्लांट की भागीदारी से बस्तर क्षेत्र के विकास के लिए बेहतर औद्योगिक वातावरण निर्मित करने का सुझाव दिया।

- कमिश्नर ने नगरनार स्टील प्लांट के अधिकारियों सहित बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों की ली बैठक

## बस्तर में अभी मेला मड़ई की है धूम : जिपं उपाध्यक्ष नेताम

# मांडोकी खरगांव का वार्षिक मेला हुआ संपन्न अंचल से आए देवी-देवताओं ने की परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव



कोंडागांव जिले के ग्राम मांडोकी खरगांव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वार्षिक देव मेले का आयोजन किया गया था, जहां इस मेले में जिला पंचायत उपाध्यक्ष हीरासिंह नेताम भी शामिल हुए। इस मेले में मांडोकी खरगांव के साथ-साथ आसपास गांव के देवी देवताओं का आगमन हुआ, सभी देवी-देवताओं ने मेला स्थल की परिक्रमा कर मेला को संपन्न किया।

वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष हीरासिंह नेताम ने परिक्रमा कर रहे देवी-देवताओं पर पुष्प की वर्षा कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए कामना की । वहीं मेला देखने आये हुए लोगों के लिए रात्रि में लोक संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन मेला समिति के द्वारा किया गया था । जिला पंचायत उपाध्यक्ष हीरासिंह नेताम ने कहा बस्तर में अभी मेला मड़ई की धुम है, गांव के लोग परिवार व सगा सम्बन्धीयो से मेल मुलाक़ात करने के गांव में हर साल देव मेला का आयोजन करवाते है और अपने महमानों को मेले में आने के लिये आमंत्रण देते है, मांडोकी खरगांव का वार्षिक मेला क्षेत्र का ये आख़री और बड़ा मेला होता है जिसके चलते भारी संख्या में आसपास के लोंग पहुंचते है।

इस दौरान ग्राम के सरपंच शांति नेताम, उप सरपंच साजन मरकाम, जनपद सदस्य रायसिंग सलाम, मेला समिति अध्यक्ष नारायण मरकाम, उपाध्यक्ष दयाराम नेताम, बजनाथ मरकाम, रुपसिंह नेताम, संतु नेताम, ग्राम के गायता पटेल, वरिष्ठजन समस्त मेला समिति सदस्य व ग्रामवासी शामिल रहे ।

## पेज 11 के शेष

### भारतमाला परियोजना...

का होगा, जिसके विजेता टीम फाइनल खेलकर खिताब अपने नाम करेंगी। सारे मैच हाईस्कूल ग्राउंड तहसीलपारा भानुप्रतापपुर में किए जाएंगे।

### आईपीएल की तर्ज...

का होगा, जिसके विजेता टीम फाइनल खेलकर खिताब अपने नाम करेंगी। सारे मैच हाईस्कूल ग्राउंड तहसीलपारा भानुप्रतापपुर में किए जाएंगे।

### दो बाइक में...

गया। एक्सीडेंट से मेरा मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हुआ है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीपी 1183 के चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### पाऊरखेडा शाला में...

कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठिका सुलोचना सोम एवं आभार प्रदर्शन सुंदर लाल चुरेन्द्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजाराम पुडो, प्रबंधन समिति सदस्य जयलाल ध्रुव, संजय कुमार लालसा, संकुल समन्वयक रामचंद्र दुग्गे शामिल रहे।

### बाल विवाह एक...

के विवाह को प्रतिबंधित करता है। यदि कोई व्यक्ति बाल विवाह करवाता है, करता है अथवा उसमें सम्मिलित होता है, उनको 02 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा 01 लाख रूपए तक का जुर्माना हो सकता है, अथवा दोनां से दण्डित किया जा सकता है। अक्षय तृतीया सहित विभिन्न अवसरों पर होने वाले विवाहों के दौरान बाल विवाह होने की सूचना ग्राम पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण समिति, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), संबंधित पुलिस थाना, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, परियोजना अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच, कोटवार, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं महिला हेल्पलाइन नम्बर 181 इत्यादि को दी जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### 3 मई तक होगी विभागीय समीक्षा बैठक

**दंतेवाड़ा।** जिले में शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत आगामी 1 मई से 3 मई तक विभिन्न विभागों की विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे। इस संबंध में जिला कार्यालय द्वारा विस्तृत बैठक कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 1 मई को सुबह 10 से 12 बजे तक खाद्य, जिला विपणन, नागरिक आपूर्ति एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं, दोपहर 1 से 3 बजे तक महिला एवं बाल विकास, और शाम 4 से 6 बजे तक आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा होगी। 2 मई को सुबह 10 से 12 बजे तक स्वास्थ्य, औषधि प्रशासन एवं आयुर्वेद, दोपहर 1 से 3 बजे तक जिला रोजगार, कौशल विकास एवं लाइवलीहुड मिशन, तथा शाम 4 से 6 बजे तक समाज कल्याण, श्रम एवं अंत्यावसायी विभाग की समीक्षा की जाएगी। इस क्रम में 3 मई को सुबह 10 से 12 बजे तक शिक्षा विभाग एवं दोपहर 12 से 3 बजे तक कृषि, पशु चिकित्सा, उद्यानिकी, मत्स्य तथा रेशम विभाग की समीक्षा बैठक होगी।

### ग्राम पंचायतों में 5 मई से समाधान शिविर

**दंतेवाड़ा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार राज्य में जनता की समस्याओं को समयबद्ध निराकरण करने, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, विकास कार्यों में गति लाने तथा प्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से ''सुशासन तिहार 2025'' का आयोजन किया गया है। इस क्रम में ''सुशासन तिहार 2025'' के तृतीय चरण में आवेदकों के उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिए जाने हेतु जिले में 5 मई से समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### भाजपा सिर्फ कागजों में लाती है इंद्रावती का पानी : हेमराज

**जगदलपुर।** इंद्रावती नदी के संरक्षण और बस्तर के किसानों के अधिकार को लेकर निकाली जा रही किसानों की इंद्रावती बचाओ - किसान अधिकार पदयात्रा पर भाजपा सांसद महेश कश्यप द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। बस्तर जनपद पंचायत सदस्य हेमराज बघेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा नेताओं की कथनी और करनी में भारी अंतर है। उन्होंने कहा कि "भाजपा सिर्फ कागज़ों में इंद्रावती का पानी लाती है, जबकि ज़मीनी हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। श्री बघेल ने कहा कि महेश कश्यप द्वारा किसानों की पदयात्रा को "ढोंग" कहना बस्तर की जनता की जल-संकट से जूझती स्थिति का मजाक उड़ाने जैसा है।

## सांसद की अध्यक्षता में जिला खनिज न्यास शासी परिषद की बैठक

# मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिला खनिज न्यास निधि के तहत प्रभावित इलाके के लोगों के आर्थिक उत्थान हेतु आजीविका के साधनों के विकास सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जायेगी। इसके साथ ही आवश्यकता के अनुरूप अधोसंरचना सम्बन्धी कार्यों तथा सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण, युवा गतिविधियों तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने सहित खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं के शैक्षणिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिये राशि का प्रावधान किया गया है। अब जिला खनिज न्यास निधि का सदुपयोग कर जिले के समग्र विकास करने सकारात्मक पहल किया जायेगा। उक्त बातें बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कलेक्टोरेट के सभागार में आयोजित जिला खनिज न्यास शासी परिषद की बैठक के दौरान कही। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप दंतेवाड़ा जिले के समग्र विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न विकास कार्यों की गहन समीक्षा की गई है। उन्होंने बताया कि जिला खनिज प्रतिष्ठान निधि (डीएमएफ) के तहत दंतेवाड़ा जिले को अब तक 17 सौ करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है, जिसका उद्देश्य जिले के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करना, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा एक समृद्ध प्राकृतिक विरासत से परिपूर्ण जिला है, जहां जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदाएं भरपूर मात्रा में उपलब्ध हैं। इन संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए, स्थानीय निवासियों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने पीपीटी के माध्यम से डीएफएफ की कार्यो योजना की जानकारी विस्तार पूर्वक सांसद को अवगत कराया।

बैठक के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, शासी परिषद के सदस्यगण, जनप्रतिनिधि, एनएमडीसी अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।




### संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने जिला खनिज निधि से संचालित योजनाओं और कार्यों के क्रियान्वयन पर जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन निधियों का उपयोग केवल जरूरतमंद क्षेत्रों और प्राथमिकताओं के अनुसार ही किया जाए। उन्होंने कहा कि डीएमएफ की राशि जनता के कल्याण हेतु है, इसलिए इसका सदुपयोग सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

### जमीनी हालात का जायजा लें

मुड़ामी ने विशेष रूप से पेयजल संकट की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि कई ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों से पेयजल की समस्या की जानकारी मिल रही है। इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई करने और दीर्घकालिक समाधान हेतु योजना तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे क्षेत्रीय भ्रमण कर जमीनी हालात का जायजा लें और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता पर सुलझाएं।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

कलेक्टर कुणाल द्धुदावत ने बस्तर सांसद को आश्वस्त करते हुए कहा कि डीएमएफ निधि से होने वाले सभी कार्यों को पूरी पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता के साथ संपन्न किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक योजना की सतत निगरानी की जाएगी, ताकि जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके। कलेक्टर ने यह स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### विकास कार्यों की प्रगति की ली जानकारी

शासी परिषद की बैठक के दौरान विधायक चैतराम अटामी ने डीएमएफ (जिला खनिज प्रतिष्ठान निधि) मद से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे डीएमएफ मद से स्वीकृत सभी निर्माण व विकास परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें, क्योंकि इन कार्यों में विलम्ब होने से जनता को इसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ शिक्षक-पालक सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

पीएमश्री स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बस्तर का स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम 29 अप्रैल को घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम के साथ शिक्षक-पालक सम्मेलन का आयोजन भी किया गया, जिसका शुभारंभ विद्यालय के एसएमडीसी अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा किया गया।

- आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

विद्यालय के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्तर पर परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा नवमी में 82.98 प्रतिशत एवं कक्षा ग्यारहवीं में 97.67 प्रतिशत परिणाम प्राप्त हुआ। विभिन्न कक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में प्रथम श्रेणी मेंः निलेश कुमार बघेल 98.75 प्रतिशत, जीवांश नागे 98.59 प्रतिशत, द्वितीय श्रेणी में मेहक खान 97.8 प्रतिशत, नेत्रांशी भद्रे 95.69 प्रतिशत, नवमीं में खुशी झा 95.6 प्रतिशत, ग्यारहवीं जीवविज्ञान में रौनक विश्वकर्मा 95.6 प्रतिशत एवं गणित संकाय में रश्मि साहू 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन के दौरान राजपूत ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पालकों से अपील की कि वे विद्यालय से सतत रूप से जुड़े रहें। उन्होंने कहा कि शिक्षक और पालक जब मिलकर सामूहिक प्रयास करते हैं, तभी विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव होता है।

प्राचार्य ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं एवं पालकों के सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता गोपालचंद्र राय ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## गुप्ता प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट

# एमआर ग्लैडीएस बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

व्यवसायिक नगरी गीदम में पहली बार सर्व गुप्ता समाज द्वारा गुप्ता प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर गीदम के मैदान में 21 अप्रैल से आयोजित इस टूर्नामेंट में सर्व गुप्ता समाज से कुल 6 टीमो ने हिस्सा लिया जिसमे फाइनल मुकाबला बुधवार देर रात एमआर ग्लैडीएस व जेएमडी 11 के बीच हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी रहे वही अध्यक्षता जिपं अध्यक्ष नंदलाल मुडामी ने किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिपं अध्यक्ष कमला विनय नाग, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, विजय प्रसाद तिवारी वरिष्ठ भाजपा नेता, मनीष सुराना पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रहे। वही कार्यक्रम के विशेष अतिथि माधुरी गुप्ता उपाध्यक्ष नगर पंचायत गीदम, प्रमिला सुराना सरपंच ग्राम पंचायत हारम, नगर पंचायत सीएमओ हुलसी प्रधान, थाना प्रभारी विजय पटेल, पार्षद अवधेश गुप्ता, श्रीकांत राव, दिलीप सोनी , खिलावन सागर, विजय दुबे प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर गीदम , दयाशंकर गुप्ता व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर गीदम, सर्व गुप्ता समाज के सभी संरक्षक, सर्व गुप्ता समाज के सभी पदाधिकारी, सर्व गुप्ता समाज की महिलाएं एवं बच्चे, अन्य समाजों से भारी संख्या में आए दर्शकगण मौजूद रहे।



अटामी, मुडामी व अन्य जनप्रतिनिधियों ने मैदान में उतरे सभी खिलाड़ियों से परिचय लिया । इसके साथ ही विधायक ने भाजपा जिलाध्यक्ष की बॉल पर 2 चौके लगाए । चैतराम ने कहा कि इस तरह का आयोजन हमेशा होते रहना चाहिए इससे खिलाड़ियों की प्रतिभा उभरती है साथ ही समाज मे ऐसे आयोजनों से एकता की भावना जागृत होती है।

फाइनल मैच एमआर ग्लैडीएस व जेएमडी 11 की टीम के बीच हुआ 15 ओवर के इस मैच में टॉस जीतकर एमआर की टीम ने बल्लेबाजी बाजी करते हुए 3 विकेट खोकर कुल 175 रन बनाए वही जेएमडी 11 की टीम भी अपना 3 विकेट खोई लेकिन 15 ओवर की बॉल में 162 रन में ही बना पाई। जिससे एमआर ग्लैडीएस की टीम विजयी हासिल हुई । इधर विजेता टीम को आयोजन समिति द्वारा ट्राफी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के द्वारा 31000 रुपये का चेक प्रदान किया गया वही उपविजेता टीम रही जेएमडी 11 को आयोजन समिति द्वारा ट्राफी समेत 21000 रुपये का चेक पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया।

# निराकृत प्रकरणों की हुई गहन समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में आवेदनों, मांगों और शिकायतों के निराकरण की समीक्षा के लिए सोमवार को समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर कुणाल दुदावत ने की। इस दौरान विभागवार लंबित मामलों की गहन समीक्षा की गई और अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

- लापरवाही बरतने पर नगर पालिका किरंदुल एवं बचेली के सीएमओ सहित आईसीडीएस विभाग के अधिकारी को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने सुशासन तिहार के अंतर्गत विभागों द्वारा किये जा रहे निराकृत प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए निराकरण में लापरवाही बरतने पर नगर पालिका किरंदुल एवं बचेली के सीएमओ सहित आईसीडीएस विभाग के अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित समाधान ही सुशासन की प्राथमिकता है। और इसमें किसी भी प्रकार का विलम्ब अस्वीकार्य है। अतः विभाग प्रमुख आवेदनों का निराकरण स्वयं के निगरानी में करें। इस क्रम में भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर ने सभी शासकीय कार्यालयों में आम नागरिकों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने साथ ही, बस स्टैंड एवं बाजारों जैसे सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ निर्माण, तथा अस्पतालों, वेलनेस सेंटरों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क ओआरएस पैकेट के वितरण के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने अपने हालिया गीदम और कुआकोंडा दौरे के दौरान अधिकारियों को दिए गए निर्देशों की प्रगति की भी जानकारी ली। इसके अलावा समय सीमा बैठक के एजेंडे जैसे जिले में स्कूल छात्र,छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य, आस्था किरंदुल की प्रगति, 70 से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाने, नगर पालिका बचेली अंतर्गत पार्क के सौंदर्यीकरण के अलावा प्रधानमंत्री आवास की प्रगति, नगर पालिका दंतेवाड़ा अंतर्गत निर्माण कार्य, एकता परिसर कुम्हाररास में भवन निर्माण कार्य, के संबंध में भी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना के तहत चयनित ग्रामों में संबंधित विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन को भी युद्ध स्तर पर पूर्ण करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## मांझीगुड़ा में परीक्षा परिणाम का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



विकास खंड बस्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत तालुर के मांझीगुड़ा में आज परीक्षा परिणाम वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रत्येक कक्षा के अनुसार विद्यार्थियों को उनके परीक्षा परिणाम वितरित किए गए।

कक्षा पहली में भूपेंद्री कश्यप 84 प्रतिशत, दूसरी में भुनेश्वरी नाग 94 प्रतिशत, तीसरी में मिनाक्षी कश्यप 98 प्रतिशत, चौथी में उर्मिला कश्यप 84 प्रतिशत एवं पांचवीं में अमर कश्यप 72.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया।। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सभी ग्रामीण जन एवं पालकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए यह भी तय किया गया कि प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चे के नाम पर 5 पौधे लगाएगा।

इस अवसर पर ग्राम के शिक्षक नारायण लाल साहू, एसएमसी अध्यक्ष सुबर्धन कश्यप, उपाध्यक्ष रीता कश्यप, सचिव कुंजवती कश्यप, तथा सदस्यगण जगन्नाथ कश्यप, उमा कश्यप एवं कुमार कश्यप सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भगत सिंह स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के पूर्व माध्यमिक शाला भगत सिंह में बुधवार को कक्षा छठवीं से आठवीं तक के वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया, जिसमें पालक बालक की उपस्थिति में प्रधान अध्यापिका द्वारा परीक्षा परिणाम जारी किया गया। परीक्षा परिणाम में कक्षा 6 वीं में प्रथम स्थान कु. विधिता कश्यप 91.8 प्रतिशत द्वितीय, कु. प्रतिज्ञा मंडावी 84.8 प्रतिशत कक्षा 7 वीं में प्रथम, कुमारी खुशबू सिन्हा 93.16 प्रतिशत द्वितीय, रूपेश झाली 85.83 प्रतिशत कक्षा 8 वीं में कुमारी रिद्धि साहू ने 86.33 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं अनिकेत तिवारी 84.83 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप प्रधान अध्यापक द्वारा पुरस्कृत किया गया। परीक्षा प्रभारी उमेश प्रताप सिंह द्वारा परीक्षा में सफल सभी छात्र-छात्राओं को अच्छे से परीक्षा में और मेहनत करने हेतु जोर दिया गया। इस अवसर पर शाला के अन्य शिक्षक इंदिरा मथरानी, रूप लता पांडे, नलिन शुक्ला, विशाल कुमार देवांगन, याशिका प्रधान, इंद्राणी ठाकुर शामिल रहे।

## मत्स्य कृषकों को मिला मत्स्य जाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

सुशासन तिहार के तहत, किसानों, मछुआरों और ग्रामीण समुदायों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ पहुँचाने की दिशा में व्यापक पहल की गई है। इसी क्रम में, मत्स्य पालन विभाग ने प्राप्त आवेदनों का गहन सत्यापन कर किसानों को लाभान्वित करने की कार्यवाही तेजी से पूरी की गई है।

चूंकि सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित करना, समस्याओं का त्वरित समाधान करना और पात्र हितग्राहियों तक सुविधाओं को पारदर्शी ढंग से पहुँचाना है। इस क्रम में मत्स्य पालन विभाग को सुशासन तिहार के दौरान मत्स्य कृषकों से विभिन्न मांगों के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनका सत्यापन उपरांत विभाग ने कुआकोंडा के खतकुड़ी कोर्राम, बालवीर कोर्राम, हल्बारास के राजेश राणा, पांडेवार के महेश ठाकुर और टेकनार के अमेश कुमार को मछली पालन हेतु आवश्यक जाल (नेट) प्रदाय करने के साथ-साथ आधुनिक तौर-तरीके से मत्स्य पालन करने की तकनीक के संबंध में मार्गदर्शन दिया। मत्स्य जाल प्राप्त होने से इन किसानों को अब अपनी आजीविका को और मजबूत करने का अवसर मिला है। यह सहायता न केवल उनकी आज की जरूरतों को पूरा करेगी, बल्कि भविष्य में उनकी आय में भी इजाफा करेगी। मछली पालन के लिए उच्च गुणवत्ता वाले जाल की उपलब्धता से उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, जिससे वे बेहतर आर्थिक स्थिरता हासिल कर सकेंगे।

## सेवानिवृत शिक्षक दी गई विदाई




**जगदलपुर।** शासकीय हाई स्कूल केवरामुंडा में शास उच्च प्राथमिक विद्यालय कुम्हारपारा में पदस्थ सुधा देवांगन (शिक्षिका) का सेवा निवृति पर शालेय परिवार की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसएमसी के सदस्य मुख्य अतिथि शैलेश श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि महेंद्र कर्मा वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि मनीष सिसोदिया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्राचार्य बालकृष्ण श्रीवास्तव की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सभी शिक्षकों ने देवांगन मैडम के शिक्षिकीय जीवन के उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। हाई स्कूल केवरामुंडा की ओर से शाल श्रीफल दिए गए। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा डायरी पेन एवं उच्च प्राथमिक शाला कुम्हार पारा द्वारा उपहार भेंट किया गया।

संचालन व्याख्याता इंद्र कुमार झा ने किया एवं आभार रोहित सोनवानी ने माना।

# राहगीरों को शरबत पिलाकर गर्मी से दिलाई राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

भारत स्काउट्स एवं गाइडस जिला संघ और वरम फाइनेंसियल के संयुक्त प्रयास से संचालित प्याऊ घर में सोमवार को दसरुराम यादव डीओसी स्काउट्स एवं स्काउट मास्टर नवीन ठाकुर के मार्गदर्शन में राहगीरों एवं रिजल्ट लेने आये पालकों को शरबत पिलाया गया। शहरवासियों द्वारा छात्रों के द्वारा किये जा रहे प्रयास की सराहना किया गया। शरबत हेतु आर्थिक सहयोग जिला सचिव लिलेश देवांगन द्वारा किया गया।



ज्ञात हो कि यह प्याऊ घर 9 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 9 मई तक संचालित किया जावेगा। यह कार्य राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला मुख्य आयुक्त संजय पाण्डे महापौर, जिला आयुक्त स्काउट बी आर बघेल, जिला आयुक्त गाइड सुधा परमार के निर्देशानुसार जिला सचिव एवं जिला संगठन आयुक्त के मार्गदर्शन में संचालित है।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 108 वाहन उपलब्ध कराएं

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले 3 महीने से 108 एंबुलेंस नहीं होने की खबर आने के बाद भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने नाराजगी जाहिर की। तत्काल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर 108 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध कराने की हिदायत दी है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि शीघ्र ही दुर्गुकोंदल अस्पताल में 108 भेज दी जाएगी। अब देखना यह होगा कि विधायक की सक्रियता के बाद स्वास्थ्य विभाग का अमला कितनी देर में सक्रिय होता है।

## जहर खाने से हुई मौत, जांच जारी

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत मेड़ो निवासी समिता बेला सरिया हाल निवासी महलापारा ने जहर सेवन कर लिया, जिससे उसकी ईलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड ने अस्पताली मेमो पेश पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो ने जहर खा लिया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## जल जीवन मिशन व टॉवरों को देंगे बिजली कनेक्शन

**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी की ओर से बस्तर संभाग के सातों जिलों में जल जीवन मिशन एवं बीएसएनएल, जीयो मोबाईल के टॉवरों को लंबित बिजली कनेक्शन शीघ्र दिया जाए। जिससे लोगों को पेयजल की उपलब्धता एवं कनेक्टिविटी हो सके। उक्त बातें कंपनी के जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने लंबित कार्यों के लिए आयोजित समीक्षा में कही। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन एवं बीएसएनएल, जीयो मोबाईल के टॉवरों को लंबित बिजली कनेक्शन में लापरवाहों को कंपनी के नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा बस्तर संभाग के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित उसूर एवं कोंटा ब्लॉक के ग्रामों बेदरे, मंकीमारका, साकलोड, पूवर्ती, मुतवेंडी, कुरूस, कांवड़गांव, कोंडापल्ली, धरमावरम आदि 12 ग्रामों में विद्युत कंपनी की ओर से नियद नेल्लानार योजना के तहत उक्त गांवों में विद्युतीकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को छत्तीसगढ़ की बिजली से घर रोशन होंगे।

सख्त कार्रवाई होगी

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के ईडी एसके ठाकुर ने बताया कि कार्य में लापरवाह अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

परिणाम

**कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई**

# लोहत्तर की प्राथमिक शाला सोनादई में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत संकुल लोहत्तर के प्राथमिक शाला सोनादई में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित एवं कक्षा पांचवीं की विद्यार्थियों का ससम्मान विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभापति संचार एवं संकर्म जनपद पंचायत विकास राजु नायक ने कहा कि मैंने भी इसी स्कूल से पहली से पाँचवी तक की पढ़ाई की है। आज आप सभी गांववालों के आशीर्वाद से अतिथि बनकर आप सबके के सामने खड़ा हुआ हुँ। यह कभी सोचा नहीं था, लेकिन मुझे बचपन में हतियां एवं रघुनाथ ताराम एवं स्व. मेरे पिताजी की दूरदृस्टि सोच से यह सब संभव हो पाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि लयहा के शिक्षक कठिन परिश्रम करते आए है और इस ग्राम का नाम रोशन कर रहे है, जिसके लिए समस्त शिक्षकों कों धन्यवाद देता हूं। साथ ही शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है। यह जीवन को समझने, समस्याओं को हल करने और समाज में सकारात्मक योगदान देने की कला है। यह एक सतत प्रक्रिया है जो न केवल तकनीकी कौशल और ज्ञान प्रदान करती है। बल्कि नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास और बौद्धिक विकास को भी बढ़ावा देती है। शिक्षा हमें यह सिखाती है कि हम क्या जानते हैं और कैसे सोचते हैं, जिससे हम अपने और समाज के भविष्य को आकार दे सकें। इसका उद्देश्य केवल एक अच्छी नौकरी पाना नहीं, बल्कि जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनाना भी है। शिक्षा न केवल ज्ञान देती है बल्कि आत्मविश्वास, धैर्य और नई चीज़ें सीखने की जिज्ञासा भी बढ़ाती है। शिक्षा हमें अपने हक के लिए आवाज उठाने और समाज में बदलाव लाने की ताकत देती है और हमें सशक्त बनाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पटेल प्यारेलाल दीवान ने किया, जिसमें रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।



### पहली में मिकांक्षी रही अव्वल

परीक्षा परिणाम में कक्षा पहली मिकांक्षी दीवान, चोवम नेताम, क्रिश पवार ए ग्रेड, कक्षा दूसरी योगराज दीवान व तनीषा देहारी ए प्लस ग्रेड, कक्षा तीसरी दुर्गेश मांझी ए ग्रेड, कक्षा चौथी सच्चेद्र दीवान, साहिल राना, दिशा दीवान व आयुषी देहारी बी प्लस एवं पूर्वीता देहारी ए ग्रेड में उत्तीर्ण होकर शाला का नाम रोशन किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विशेष अतिथि ग्राम पटेल उपसरपंच गोविन्द दीवान, प्यारेलाल दीवान, शिवनाथ दीवान, नंदकुमार देहारी, बिसाहू राम चूरपाल एवं वार्डपंच रुपेश दीवान ने भी सम्बोधित किया और सभी छात्र छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के पालकगण कदम दीवान, सम्मेलाल दीवान, हिरा दीवान, राजेश्वरी देहारी, कंचन दीवान, मन्नू दीवान, अहिल्या दीवान, धरम ठाकुर, लोमश नेताम सहित प्राथमिक शाला सोनादई के प्रधानाध्यापक एवं संकुल समन्वयक अस्सी राम कोरेटी एवं सहायक शिक्षक नरेश गावड़े एवं ग्रामवासी शामिल रहे।

## पीएमश्री आत्मानंद विद्यालय में 5वीं व 8वीं बोर्ड वार्षिक केंद्रीकृत परीक्षा परिणाम घोषित



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में सत्र 2024-25 का 5वीं व 8वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पहले मुख्य अतिथि सविता उयके और संस्था के पूर्व प्राचार्य एसडी दास एवं शिक्षकों के द्वारा माँ सरस्वती की छाया चित्र की दीप जलाकर पूजन अर्चन कर सरस्वती वंदना करके प्रारंभ किया गया। इसके पश्चात सभी अतिथियों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। परीक्षा परिणाम में परीक्षा प्रभारी कीर्ति पांडे के द्वारा विद्यार्थियों और पालकों के समक्ष परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें 5 वीं में प्रथम स्थान मीनाक्षी कोडोपी 93.5 प्रतिशत, द्वितीय स्थान विनय मरकाम 90.5 प्रतिशत, तृतीय स्थान तिलेस्वरी दुग्गा 88 प्रतिशत, इसी तरह कक्षा 8 वीं में प्रथम स्थान आरुषी पोटाई 91.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान जोत्सना गावड़े 87.6 प्रतिशत, तृतीय स्थान यशस्वी साहू 86.3 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके पश्चात सभी को अतिथियों के द्वारा बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि सविता उयके ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगामी वर्ष में और अच्छे नंबरो से उत्तीर्ण हो और अपने माता पिता के नाम के साथ स्कूल का नाम भी रोशन करे और मन लगाकर पढाई करे एवं सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दिया। इसके पश्चात संस्था के प्राचार्य के द्वारा सभी विद्यार्थियों को बधाई देकर कहा की आगामी वर्ष में और अच्छे से पढाई करके और अच्छे नंबरों से उतीर्ण हो और विद्यालय का नाम रोशन करे। कार्यक्रम में रेखाराम कंवर, सियाराम पोटाई, नरसिंग गावड़े, धनीराम, फूलसिंह नेताम, छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सविता उयके जनपद सदस्य, संस्था के पूर्व प्राचार्य एसडी दास, एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थिगण उपस्थित रहे।

## प्राथमिक मिडिल स्कूल महेंद्रपुर के परीक्षा परीणाम घोषित



**दुर्गुकोंदल।** प्राथमिक माध्यमिक शाला महेन्द्रपुर में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य पीलम नरेटी, विशिष्ट अतिथि सरपंच बलराम टेपारिया, शाला समिति के अध्यक्ष रतिराम जैन, शाला समिति सदस्य पंचूराम नरेटी रहे। प्राथमिक शाला परीक्षा परिणाम सुमित्रा कोठरे द्वारा घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम में कक्षा पहली में प्रथम समयनरेटी, द्वितीय कुमारी गरिमा जैन, कक्षा दूसरी में पुनिता, द्वितीय विद्या जैन, कक्षा तीसरी में प्रथम मयंक नरेटी, द्वितीय सानिया, कक्षा चौथी में प्रथम नियंता, द्वितीय कामेश, पाँचवी राहुलवेद, द्वितीय तुलेश्वरी रही एवं आठवीं का परिक्षा परिणाम संतोषजन रहा। जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने कहा परिश्रम का फल मीठा होता है। आज का यह परिणाम अपनी मेहनत के प्रदर्शित कर रहा है, जो बच्चे कम अंक से उत्तीर्ण हुए हैं वे आने वाले समय में और अधिक मेहनत कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। शिक्षकों ने भी बच्चों को प्रात्साहित कर अच्छे परिणाम लिया एवं शुभकामनाएं दी। सभी प्रथम, द्वितीय व तृतीय आए बच्चों को प्रणाम पत्र के साथ टिफिन बॉक्स पुरुस्कृत किया गया। इस मौके पर देवाराम कोठरे, देवीलाल मंडावी, नरसिंह उयके, सुखूराम नेताम, रमसू नरेटी, विष्णु जैन, पुन्नूराम नरेटी, तेजेश्वरी डरेंद्र आदि उपस्थित रहे।




## कार्यशाला में दिए जलवायु परिवर्तन से निपटने सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पारिस्थितिक पुनर्स्थापन नीति निर्माण हेतु एक दिवसीय क्षेत्रीय परामर्श कार्यशाला बुधवार को शहर के वन विद्यालय में किया गया। इसमें रायपुर से योजना के पीसीसीएफ अरूण पांडे, जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा, उद्यानिकी कॉलेज के डीन डॉ. गणेश नाग, वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता, पर्वतारोही नैना ठाकुर, वन विद्यालय की संचालक श्रीमती दिव्या गौतम, एसडीओ देवलाल दुग्गा, योगेश कुमार रात्रे, आईपी बंजारे सहित चेम्बर अध्यक्ष श्याम सोमानी, पत्रकार संघ के अध्यक्ष मनीष गुप्ता आदि शामिल रहे। कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए भी प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए स्कूल और कॉलेज में पाठ्यक्रम शामिल करने चाहिए। कार्यशाला में वक्ताओं ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए ठोस कार्रवाई करने की आवश्यकता है और इसके लिए सभी को एक साथ आना चाहिए।

- वन विद्यालय में हुई एक दिवसीय क्षेत्रीय परामर्श कार्यशाला



## कलेक्टर ने सेमलनार में आयोजित जन चौपाल में ग्रामीणों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- खाद्यान्न भंडारण में लापरवाही के लिए फूड इंस्पेक्टर को स्पष्टीकरण देने के दिए निर्देश



प्रशासन द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का आंकलन करने सहित जनसमस्याओं के निराकरण के लिए विकासखंडों में ग्राम पंचायतों में जनचैपाल का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर हरिस एस ने बुधवार को विकासखण्ड बस्तर के ग्राम पंचायत सेमलनार में आयोजित जन चैपाल का निरीक्षण किया। जन चैपाल में उन्होंने स्कूल की व्यवस्था, शिक्षकों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन की व्यवस्था, बच्चों का जाति प्रमाण पत्र निर्माण की स्थिति, आंगनबाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार की उपलब्धता, बच्चों और लक्षित माताओं का स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य जांच, दवाइयों की उपलब्धता, संस्थागत प्रसव, पेयजल व्यवस्था, हैंड पंप, सोलर ड्यूल पंप, जल जीवन मिशन के कार्यों, उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न सामग्री की नियमित उपलब्धता, बिजली की उपलब्धता, राजस्व और पंचायत विभाग के मैदानी अमलों की ग्राम पंचायत में उपस्थिति, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के योजनाओं, मनरेगा, पीएम आवास योजना के सर्वे, आवास योजना की प्रगति, सामाजिक पेंशन का भुगतान, पीएम किसान सम्मान निधि के लिए पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड के साथ ही ग्रामीण स्तर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की गांव में नियमित उपस्थिति का संज्ञान लिया। ग्राम पंचायतों में आयोजित जनचैपाल में जिला स्तरीय नोडल अधिकारी सहित विकासखण्ड स्तरीय एवं ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों के दलों द्वारा सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में शिक्षा, आँगनबाडी, राशन व्यवस्था, जल जीवन मिशन,सड़क, पेयजल, बिजली, स्कूल,आयुष्मान कार्ड की उपलब्धता, स्वास्थ्य जांच इत्यादि मूलभूत सुविधाओं के साथ ही शौचालय, प्रधानमंत्री आवास, सामाजिक सहायता कार्यक्रम पेंशन भुगतान, पशु टीकाकरण स्थिति का जायजा लिया गया। वहीं चैपाल में ग्रामीणों से चर्चा कर मूलभूत आवश्यकताओं की जानकारी ली गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, सीईओ जनपद चुरेंद्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सुशासन तिहार के माध्यम से मिल रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित सुशासन तिहार आम जनमानस के लिए राहत और विश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है। इस अभियान के अंतर्गत अब सरकारी योजनाओं और सेवाओं का सीधा लाभ लोगों तक पहुंच रहा है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर इसका लाभ लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। सुशासन तिहार के माध्यम से समाधान खुद चलकर दरवाजे पर पहुंच रहा है। इसी क्रम में कृषि विभाग द्वारा सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन पर छिंदगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तालनार में शिविर लगाकर कृषकों को कृषि विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान किया गया साथ शिविर में 48 आवेदनों का निराकरण करते हुए नलकूप खनन हेतु 7 कृषकों के आवेदन पंजीबद्ध किया गया। ग्रामवासियों के द्वारा सुशासन तिहार में त्वरित निराकरण मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कार्यों की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- आरोपी न्यायालय में पेश, भेजा गया जेल



बोधघाट थाना क्षेत्र स्थित अविनाश होटल के पीछे पैदल घर जा रहे युवक से मारपीट कर नगद व मोबाईल लूटने वाले दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से लूटी गई मोबाईल व मामले में प्रयुक्त बाईक जब्त किया गया है।

रात के अधेंरे में लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों के खिलाफ बोधघाट थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी मनोज पोड़ियामी ने बताया कि 7 मार्च की रात वह अपना काम समाप्त कर पैदल अपने घर जा रहा था तभी अविनाश हॉटल के पीछे गली में दो व्यक्ति अपने काली कलर की बाईक में अचानक आकर मारपीट करते हुए उसके पास रखा नगद 5 सौ रूपए व मोबाईल लूट कर ले गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्रीश्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर प्रार्थी एवं आसपास के लोगो के बयान लिया गया।

जांच के दौरान घटनास्थल आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा एवं घटनास्थल का टावर डंप का बारीकी से अवलोकन करते हुए सदेंह के आधार पर हेमंत दास 24 वर्ष निवासी धरमपुरा व गुलशन बघेल उर्फ ऱफ्तार 24 वर्ष निवासी भेलवापदर कोंडागांव को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ में दोनों ने अपराध करना कबूल किया उनके कब्जे से लूटे गए मोबाइल व 5 सौ रूपए जब्त किया गया।

## पीडब्ल्यूडी कार्यालय में हो रहा राष्ट्रीय गान

**जगदलपुर।** प्रशासन के निर्देशानुसार सभी शासकीय कार्यालयों में निर्धारित समय पर राष्ट्रीय गान (जन गण मन) का गायन किया जा रहा है। इसके तहत लोक निर्माण विभाग जगदलपुर वृत्त कार्यालय में कार्यालय पहुंचते ही अधीक्षण अभियंता डीएल टेकाम के नेतृत्व में कर्मचारी राष्ट्रीय गान किया जा रहा है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

नवीन जय स्तंभ बनाने की घोषणा भी की गई

# सतनामी समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने गुरु घासीदास की पूजा करके शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चारामा



प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ग्राम इकाई आवरी के नव निर्वाचित सामाजिक पद अधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में आयोजित किया गया। बाबा गुरु घासीदास के छाया चित्र का पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यूथ दिनेश बंजारे ने शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार पर ज्यादा जोर देने का अव्हान किया। प्रदीप सृंगी युवाओं को नशे से दूर रहने को कहा। युवा नया सोच, नया जोश के साथ समाज में प्रगति ला सकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी बाबा गुरु घासी दास को सत्य अहिंसा में चल कर, मानव मानव एक समान, संदेश दे कर पूरे मानव समाज को एक सूत्र में जोड़ने का संदेश दिए है। आगे नरेटी ने ग्राम आवरी में स्थापित जयस्तंभ जो एक किनारा रास्ता से लगा हुआ है, जो जर्जर होने की स्थिति में है, जिसके लिए नवीन जय स्तंभ की घोषणा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला पंचायत कांकेर किरण नरेटी, अध्यक्षता में पूर्व सामाजिक अध्यक्ष गोविंद मोरे, विशेष अथिति के रूप में प्रदेश अध्यक्ष यूथ प्रदीप सृंगी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेश बंजारे, विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत चारामा अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर, जनपद पंचायत चारामा उपाध्यक्ष ठाकुर राम कश्यप, वन सभापति चारामा अमिता बंजारे, सरपंच ग्राम पंचायत आवरी जय प्रकाश गावड़े, उप सरपंच महेश साहू, प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज जिला अध्यक्ष एलआर बंजारे, चारामा ब्लाक अध्यक्ष रमेश मौर्य व अन्य उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून,14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411